तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 राधासागर तालाब 21 हजार दीपों से जगमगाया



## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री ने हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि की दी शुभकामना



**कोरबा।** श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिले सहित प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है। चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। नवरात्र का यह पर्व समाज में नारी के महत्व और सामर्थ्य को दर्शाता है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हमारे वेदों और पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। मंत्री श्री देवांगन ने माँ सर्वमंगला देवी, माँ भवानी, माँ मातिन दाई, मडवारानी माँ से नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि प्रदान करने वाला हो इसकी भी कामना की है।

### पूर्व मंत्री ने दी चैत्र नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं



**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर कोरबा वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । श्री अग्रवाल ने हिन्दी नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा पर्व की भी क्षेत्रवासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया है । श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में चैत्र नवरात्रि, हिन्दु नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्रत एवं त्यौहार भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता की धरोहर है । भारत के व्रत एवं त्यौहार देश की सभ्यता एवं संस्कृति के दर्पण है । आज भी हम आत्मिक उन्नति, आत्म कल्याण और लोक मंगल के लिए व्रत रखते हैं और उत्साह के साथ त्यौहार मनाते हैं । श्री अग्रवाल ने चैत्र नवरात के पावन बेला पर दुर्गा मां की आराधना कर क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख - शांति ऐश्वर्य एवं समृद्धि के लिए कामना किया है।

### विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला के कांग्रेसी पहुंचे राजधानी

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस के द्वारा रायपुर के शंकर नगर में रैली और विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर एवं मनोज चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी रायपुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने रैली एवं विधानसभा घेराव कार्यक्रम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया। सभी कांग्रेसी नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निवास पहुंचकर मुलाकात भी किया। जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि मनरेगा में सुधार के नाम पर रोजगार गारंटी को खत्म करना, बिजली बिल के दरों में बढ़ोत्तरी, धान खरीदी में अनियमितता, घरेलु एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भारी वृद्धि को लेकर सरकार के खिलाफ रैली एवं घेराव का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें जिले के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी भारी संख्या में पहुंचे थे।

### सामान्य सभा की बैठक कल

**कोरबा।** जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा की बैठक 20 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। बैठक में वनमंडल, लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट का अनुमोदन सहित अन्य विषयों पर चर्चा/समीक्षा होगी।

# गर्मी में पहाड़ी क्षेत्रों में नीचे जा रहा भूजल स्तर, 20 मीटर में मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गर्मी के मौसम में भूजल के नीचे जाने का सिलसिला बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। पहाड़ी क्षेत्रों में खुदाई के दौरान 20 मीटर में पानी मिलता है शहरी क्षेत्रों में भी यही स्थिति निर्मित हो चुकी है। हालांकि शहरी क्षेत्र की आबादी जल आवर्धन योजना के भरोसे है लेकिन गली मोहल्लों में खोदे गए नलकूप गर्मी के जवाब दे जाते हैं।

शहर से 10 किलोमीटर परिधि के अंदर के क्षेत्रों में जलस्तर की स्थिति आज से कुछ वर्ष पहले औसत हुआ करती थी ऐसे क्षेत्र नकटीखार, झगरहा, कुदरीखार, बरबसपुर, भूलसीडीह, डूमरडीह, रिसदी, दादर, ढेलवाडीह आदि शामिल हैं। आज इन क्षेत्रों में भी जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। जहां कभी पानी की कमी नहीं होने से सब्जी बाड़ी की खेती बड़े पैमाने पर हुआ करती थी। आज इन क्षेत्रों में जब भी नलकूप खनन की खुदाई होती है 100 फूट से नीचे जाकर ही पानी मिल पाता है। पहाड़ी क्षेत्र वनांचल होने के बावजूद वहां का ⏭ शेष पेज 2 पर

### मई महीने में जलस्तर मापने का चलता है अभियान

**खास बातें**

- शहरी क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के भरोसे है आबादी
- शहर के आसपास भी बनी है समस्या



**जलस्तर जाता है नीचे**

खदान क्षेत्रों में जलस्तर नीचे जा रहा है। अन्य क्षेत्रों मे जलस्तर 16 से 20 मीटर के बीच है। हालांकि यह औसत है लेकिन गर्मी के दिनों में पहाड़ी क्षेत्रों में जलस्तर नीचे चला जाता है। मई महीने में भूजल स्तर मापने का काम विभाग के द्वारा किया जाता है।

-रमन उरांव,
कार्यपालन अभियंता, पीएचई

### कुदुरमाल उरगा भी संवेदनशील

हसदेव नदी किनारे बसे कुदुरमाल जैसे गांव में भी पानी का जलस्तर औसत से नीचे है। हसदेव नदी में बने एनीकट बाद भी आसपास के क्षेत्रों का जलस्तर ऊपर नहीं होने के कारण यहां सोलर पंप के भरोसे पानी की व्यवस्था करने का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा किया गया है। कुदुरमाल एनीकट से पाइप लाइन बिछाकर गांव में पानी सप्लाई की योजना पर भी काम नहीं हो सका है। यहां कुआं और हैंडपंप का जलस्तर भी नीचे चला जाता है। उरगा क्षेत्र में भी जलस्तर नीचे होने के कारण हाउसिंग बोर्ड के कालोनी में पानी सप्लाई के लिए डोमनाला में एनीकट बनाने का प्रस्ताव ठण्डे बस्ते में चला गया है।

### मुनगाडीह जल आवर्धन योजना भी स्वरुप नहीं ले सकी

पाली नगर पंचायत की पेयजल समस्या के लिए मुनगाडीह नाले से पानी की सप्लाई नगरीय क्षेत्र में किया जाना था। 8 करोड़ की लागत से तैयार इस योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूर्ण हो जाने के बाद भी गर्मियों में पानी की सप्लाई इसलिए भी नहीं हो पाती कि जहां मुनगाडीह एनीकट बनाया गया है गर्मी समय में वहां पानी रहता।

## पाली थाना क्षेत्र के दीपका पाली मुख्यमार्ग के ग्राम नुनेरा के समीप हुआ हादसा

# तेज रफ्तार ट्रेलर पलटा, सड़क किनारे खड़े चाचा, भतीजा सहित तीन की मौत, चक्काजाम



घटना स्थल पर पलटी ट्रेलर वाहन।



मौके पर उपस्थित ग्रामीणों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपक खदान से कोयला लोडकर पाली की ओर जा रहा एक के तेज रफ्तार ट्रेलर नुनेरा हाई स्कूल के पास अचानक नियंत्रित होकर पटल गया। वहीं सड़क के किनारे खड़े बाइक सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने अपनी जद में ले लिया और तीनों युवक ट्रेलर में दब गये जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फुट पड़ा और ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दीपिका पाली मुख्यमार्ग में चक्काजाम कर दिया। घंटों चले चक्काजाम के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी जिसके बाद ग्रामीणों की आपसी सहमति के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ तब जाकर सड़क बहाल हो पाई।

**खास बात**

- काम की तलाश बाइक सवार युवक जा रहे थे दीपका की ओर साथियों का नुनेरा के पास कर रहे थे इंतजार

मामला पाली थाना क्षेत्र का है। ग्राम पोटापानी निवासी ओम प्रकाश उम्र 30 साल पिता मंगलू जगत, बृजपाल सिंह मरावी उम्र 30 साल पिता सहदेव मरावी, मंगल सिंह मरावी उम्र 50 साल पिता सुखनाथ सिंह बुधवार की सुबह अपने गांव से मोटर साइकिल में सवार होकर तीनों काम में जाने के लिए दीपका की ओर रवाना हुए थे कि सुबह लगभग 9 बजे दीपका पाली मुख्यमार्ग के ग्राम नुनेरा हाई स्कूल के समीप पहुंचे थे कि पीछे से दूसरे बाइक में आ रहे साथियों का खड़े होकर इंतजार कर रहे थे कि इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजी 5022 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए नुनेरा हाई स्कूल के समीप पलट गई और सड़क के किनारे खड़े ओमप्रकाश, ब्रिजपाल, मंगल मरावी ट्रेलर की जद में आ गए और तीनों की दब जाने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि बृजपाल और मंगल मरावी आपस में रिश्ते के चाचा भतीजे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और शवों को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे से गुस्साए ग्राम पोटापानी और आसपास के ग्रामीणों ने दीपका-पाली मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार को नियंत्रित करने में विफल रहा है, जिसके कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है। चक्काजाम की वजह से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। घंटों चले चक्काजाम के बाद प्रशासन व पुलिस की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई और आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

### चलती बाइक से गिरी महिला, इलाज के दौरान मौत

एक पुत्र अपनी मां को मोटरसाइकिल में बैठाकर कुसमुंडा अपने रिश्तेदार के घर आया था। जहां से कम निपटाकर दोनों पुत्र व मां वापस अपने गृहग्राम लौट रहे थे कि इस दौरान बीच रास्ते में उसकी बाइक नियंत्रित हो गई और बाइक में सवार महिला नीचे सड़क पर गिर गई। गिरने से महिला को गंभीर चोट लगने से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान तो उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के जैजैपुर निवासी फूलबाई 49 वर्ष पति राम कुमार सतनामी अपने पुत्र लखन के साथ अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 एच 6400 में एक में सवार होकर मंगलवार को कुसमुंडा अपने रिश्तेदार के घर आई हुई थी जहां शाम को कुसमुंडा से वापस दोनों पुत्र लखन और उसकी मां फूलबाई लौट रहे थे कि इसी दौरान बीच रास्ते में बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक से महिला गिर गई थी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

## एसईसीएल दीपका खदान में श्रमिक की मौत, श्रमिकों ने जमकर किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका खदान में मंगलवार की रात दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां कलिंगा कंपनी में कार्यरत एक श्रमिक की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद बुधवार की सुबह से ही मृतक के परिजनों और साथी ड्राइवरों ने कलिंगा कंपनी के मुख्य द्वार को जाम कर दिया था और खदान का काम ठप्प कर दिया था। बाद में अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।



मृतक जीवराखन

**खास बात**

- कलिंगा कंपनी का मामला, आश्वसन के बद समाप्त हुआ प्रदर्शन

जानकारी के अनुसार ग्राम अण्डीकछार निवासी जीवराखन जांगड़े 32 वर्ष कलिंगा कंपनी में कार्यरत था। मंगलवार रात लगभग 9:30 बजे दूसरी पाली के दौरान उसने अपनी चलती गाड़ी किनारे खड़ी की और नीचे उतरा जिसके बाद वह गश खाकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य ड्राइवरों ने जब उनकी जांच की तो उनकी सांसें चल रही थीं लेकिन हालत अत्यंत गंभीर थी। कंपनी प्रबंधन को सूचना मिलने के बाद उन्हें आनन-फानन में एनसीएच अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद स्थानीय मजदूरों का आक्रोश फूट पड़ा था और काम ठप्प कर दिया था। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों की मांग थी कि मृतक के परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा। ⏭ शेष पेज 2 पर

### केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया कल से

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1, बालवाटिका और अन्य उच्च कक्षाओं में प्रवेश हेतु आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। कक्षा-1 और बालवाटिका-1, 2 एवं 3 (चयनित विद्यालयों में) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 20 मार्च को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी और 2 अप्रैल तक जारी रहेगी। इच्छुक अभिभावक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक दो एनटीपीसी के प्राचार्य सुनील कुमार साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1, बालवाटिका और अन्य उच्च कक्षाओं में प्रवेश हेतु आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवेष के लिए आयु की गणना 31 मार्च के आधार पर की जाएगी। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए बच्चे की न्यूनतम आयु 6 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसी प्रकार, बालवाटिका-1 के लिए आयु 3 से 4 वर्ष, बालवाटिका-2 के लिए 4 से 5 वर्ष और बालवाटिका-3 के लिए 5 से 6 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सीटों का आरक्षण केवीएस के प्रवेश दिशा-निर्देशों 2026-27 के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

### अनुपस्थिति प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाली प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। बता दें कि डीईओ ने वाड्रफनगर के शासकीय उमावि गैना का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक खितेश कुमार पटेल 25 व 26 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई।

## बारिश से तापमान में आई गिरावट, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बारिश होने के बाद सड़क का नजारा।

मौसम में कुछ दिनों से आ रहे बदलाव के कारण तापमान में गिरावट आने से लोगों को मार्च महीने में पड़ रही तेज गर्मी से राहत मिली है। दो दिन पूर्व शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में तेज बारिश हुई तो कुछ स्थानों में ओले गिरने की घटना हुई है। मौसम विभाग ने बदलाव को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। इसमें तेज आंधी की संभावनाएं जताई गई है।

अंचल में तेज गर्मी ने मार्च महीने से ही दस्तक दे दी है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका था। दिन भर तेज धूप और गर्मी होने के साथ रात को हल्की ठण्ड महसूस होती थी। बीते रविवार रात से तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई इससे आम लोगों को दोपहर की तेज गर्मी से राहत मिली है। इसके अलावा बेमौसम बारिश के कारण खरीदी केंद्रों में रखे हुए धान के भीगने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में बारिश को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। बता दें कि मौसम विभाग ने 19 मार्च से लेकर 22 मार्च तक के लिए देश के 21 राज्यों में बारिश-तूफान का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिया है। इसके साथ ही बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं। वही छत्तीसगढ़ के लिए मौसम विभाग के मुताबिक 20 और 21 मार्च को बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी प्रबल संभावना है। इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

## यातायात पुलिस ने जारी किया रूट चार्ट, अलग अलग स्थानों में पार्किंग की दी गई सुविधा

# हिंदू नववर्ष पर विशाल शोभायात्रा आज, शहर का मार्ग दोपहर से हो जाएगा लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर 19 मार्च को कोरबा शहर में भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। गुरुवार को सीतामणी से नया बस स्टैंड तक और एक अन्य हिन्दू संगठन द्वारा कोसाबाड़ी से टीपी नगर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने रूट डायवर्ट किया है। पहली शोभायात्रा सीतामणी से निकाली जाएगी और पुराना बस स्टैंड, रेलवे क्रॉसिंग, पावर हाउस रोड, टीपी नगर चौक के बाद नया बस स्टैंड में रुकेगी। इसी तरह दूसरी शोभायात्रा कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से निकाली जाएगी जो सुभाष चौक, घंटाघर चौक, महाराणा प्रताप चौक, जैन चौक, सीएसईबी चौक, टीपी नगर चौक में समाप्त होगा। दोपहर 1 बजे से रात 12 बजे तक मुख्यमार्ग, कोसाबाड़ी, सुभाष चौक, टीपी नगर और सीतामणी मार्ग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। इसी तरह चांपा से आने वाले वाहन बरबसपुर से रिसदी चौक, बालको, दर्री बांध और राताखार होते हुए कुसमुंडा की ओर जा सकेंगे। वहीं कोरबा से जाने वाले वाहन दर्री डेम से बालको और बरबसपुर मार्ग का उपयोग करेंगे। बरबसपुर-इमलीडुगु ⏭ शेष पेज 2 पर




रुट चार्ट।

### नवरात्रि तक प्रतिबंध रहेगा भारी वाहन

सर्वमंगला मंदिर नहर पार मार्ग में चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर दर्शनार्थियों को भारी वाहनों के कारण आवागमन में असुविधा होने के कारण भारी वाहनों को 19 से 27 मार्च तक परिवहन पर रोक लगाने के लिए तहसीलदार दर्री एवं थाना प्रभारी कुसमुण्डा को पत्र लिखा गया है। चैत्र नवरात्रि पर्व में हजारों भक्तगण दर्शनाभिलाषी आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से मंदिर प्रांगण में एकत्रित होतें हैं। जिसके कारण मंदिर के समीपस्थ भारी वाहनों के लिए बनाये गये बाईपास मार्ग का उपयोग श्रद्धालुओं के द्वारा आवागमन होता है। दर्शनार्थियों के आवागमन में असुविधा व दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए 19 से 27 मार्च भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

### स्ट्रीट वेंडर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** एचआईवी/एड्स बचाव एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के स्ट्रीट वेंडर्स(फुटपाथ विक्रेताओं) के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। रमा पटेल सहायक संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर तथा डॉ.रविकांत सिंह राठौर, नोडल अधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण समिती कोरबा के द्वारा एचआईवी/एड्स के कारण लक्षण, संक्रमण के तरीके एवं बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दिया गया तथा स्ट्रीट वेंडर्स को सुरक्षित व्यवहार अपनाने, नियमित जॉच कराने एवं आवश्यकता होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में परामर्श लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा एचआईवी एक्ट 2017 की के बारे में बताते हुए टोलफ्री नंबर 1097 पर कॉल करके एचआईवी के संबंध में जानकारी लेने कहा गया।

## खबर संक्षेप



### सेन्द्रीपाली प्राथमिक शाला भवन का निर्माण चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**मड़वारानी।** करतला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सेन्द्रीपाली में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य सवालों के घेरे में है। दरअसल इस कार्य के लिए जिला खनिज न्यास मद से सत्र 2024 - 25 में 15 लाख 65 हजार रूपये स्वीकृति हुई जिसमें से कुल 80 प्रतिशत राशि 12 लाख 52 हजार रुपये का आहरण हो चुका है लेकिन आज तक प्राथमिक शाला का भवन निर्माण पूरा नही हुआ है। इस कार्य के लिए सरपंच सचिव द्वारा अक्टूबर 2024 में प्रथम क़स्ति निकालकर भवन निर्माण प्रारंभ किया गया और उसके बाद दूसरे क़स्ति को भी जनवरी 2025 में निकाल लिया गया और आज पर्यन्त तक प्राथमिक शाला भवन का लेन्टर ढलाई तक का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है जबकि दूसरे क़स्ति निकले हुए आज एक वर्ष से अधिक हो गए। सेनद्रिपाली सरपंच व सचिव के द्वारा मनमाने ढंग से किये गए कार्य की जिला व जनपद में बैठे अधिकारियो के द्वारा सतत निरीक्षण व समीक्षा नहीं किया गया वरना आज तक कार्य पूर्ण होता या फिर निर्माण एजेंसी पर अनियमितता बरतने पर कार्यवाही किया जाता लेकिन अधिकारियों की इस निष्क्रियता के कारण प्राथमिक शाला भवन निर्माण आज तक लटका हुआ है। एक तरफ तो जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में स्वीकृत कार्यों को समय मे पूरा करने के लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं उसके बावजूद सरपंच व सचिव साल भर प्राथमिक शाला भवन निर्माण का पैसा निकालकर रखे हुए हैं और निर्माण अधर में लटका हुआ है।

### हिमशिखा का नवोदय विद्यालय सलोरा में हुआ चयन



**पाली।** थाना पाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक हिरावन सिंह के छोटी पुत्री हिमशिखा सिंह का नवोदय विद्यालय सलोरा में चयन हुआ। होनहार हिमशिखा पढ़ाई में अपने क्लास में भी अव्वल रही है। प्रधान आरक्षक हिरावन सिंह की दो पुत्री भी पूर्व में नवोदय विद्यालय सलोरा में चयन होकर पढ़ाई कर रही है। बच्चों को होनहार बनाने में उनकी मां ममता सिंह व गुरुजनों का विशेष योगदान रहा है।

### मच्छरों से निपटने सघन रूप से करायें दवाओं का छिड़काव : आयुक्त



**कोरबा।** निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मच्छरों से निपटने हेतु सघन रूप से पर्याप्त मात्रा में दवाओं का छिड़काव करायें,वहीं नालियों के स्लेब हटाकर सतह से सफाई कार्य सुनिश्चित करें, जिन नालियों के स्लेब जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं, वहां पर नये स्लेब लगवायें। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ठ संग्रहण के दौरान कचरे का शतप्रतिशत स्त्रोत पृथकीकरण किया जाये यह सुनिश्चित करें, साथ ही स्थल पर पृथकीकरण किये गये कचरे के उचित संधारण हेतु निर्धारित कलर के थैले स्वच्छता दीदियों को उपलब्ध करायें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने पथर्रीपारा बस्ती में बड़ा नाला का निर्माण कराये जाने हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। स्वच्छता का महाअभियान के चैदहवें दिन बुधवार को वार्ड क्र. 20 एवं वार्ड क्र. 30 में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डों की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मच्छरों से निपटने हेतु सघन रूप से पर्याप्त मात्रा में दवाओं का छिड़काव करायें,वहीं नालियों के स्लेब हटाकर सतह से सफाई कार्य सुनिश्चित करें, जिन नालियों के स्लेब जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं, वहां पर नये स्लेब लगवायें। उन्होने कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ठ संग्रहण के दौरान कचरे का शतप्रतिशत स्त्रोत पृथकीकरण किया जाये यह सुनिश्चित करें।

### मैत्री व्हाट्सएप मोबाइल नंबर जारी होने से महिलाओं को मिल लाभ

**कोरबा।** महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। कई बार उत्पीड़न की घटनाओं में पीड़िताएँ लोक-लज्जा एवं झिझक के कारण थाना या चौकी जाकर शिकायत करने में संकोच करती हैं, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस कोरबा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बिना थाना पहुँचे ही तत्काल सहायता प्रदान करने और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सजग कोरबा-सतर्क कोरबा अभियान के तहत मैत्री व्हाट्सएप हेल्पलाइन 9479282100 प्रारंभ की है।

## अप्रैल से 60 हजार हितग्राहियों तक पहुंचने लगेगा पूरक पोषण आहार

# स्वचलित मशीन से रेडी टू ईट होने लगा तैयार, शुरू हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सत्ता परिवर्तन के सवा 2 साल बाद साय सरकार का महिला स्व सहायता समूहों से चुनाव पूर्व किया वादा, मोदी की गारंटी पर आकांक्षी जिला कोरबा में मोहर लगती जा रही है। पॉयलट प्रोजेक्ट वाले जिलों में शामिल आकांक्षी जिला कोरबा के कोरबा ग्रामीण परियोजना के चयनित स्व सहायता समूह के बाद कोरबा शहरी एवं पोंडी उपरोड़ा के चयनित स्व सहायता समूह ने इस माह से स्वचलित मशीन से रेडी टू ईट वितरण का कार्य शुरू कर दिया है। इन तीनों परियोजनाओं के 930 आगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 40 हजार से अधिक हितग्राही स्व सहायता समूह द्वारा तैयार रेडी टू ईट से लाभान्वित हो रहे।

करतला एवं पाली परियोजना में भी चयनित स्व सहायता समूहों द्वारा रेडी टू ईट तैयार किया जाने लगा है। आगामी वित्तीय वर्ष की शुरुआत अप्रैल माह से इन परियोजनाओं के 582 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से तकरीबन 20 हजार हितग्राहियों को वितरण शुरू हो जाएगा। इन पांचों परियोजनाओं के स्व सहायता समूह द्वारा तैयार रेडी टू ईट से 60 हजार से अधिक हितग्राही सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। वहीं शेष 5 परियोजना से भी उत्पादन शुरू कराकर मई माह से आँगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरण सुनिश्चित कराने की दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग ने कदम बढ़ा दिया है। महिला एवं बाल विकास विभाग 6 माह से 6 वर्ष के नोनिहालों ,किशोरियों,गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण के लिए कार्य करती है। 1 फरवरी 2022 के पूर्व स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा था। गेहूं ,सोया,चना, मूंगफली मिश्रित पौष्टिक पोषण आहार रेडी टू ईट 3 वर्ष तक के बच्चों ,गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए प्रत्येक मंगलवार को दिए जाने का प्रावधान है ताकि उन पर कुपोषण की काली छाया न पड़े ,कुपोषित हितग्राही इसके दायरे से बाहर निकल सकें। 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन में फोर्टिफाइड आटा से निर्मित रोटी प्रदाय किया जाता है। लेकिन 24 दिसंबर 2021 को छत्तीसगढ़ शासन ने द्वारा कैबिनेट में लिए गए निर्णय अनुसार 1 फरवरी 2022 फरवरी से राज्य बीज निगम की स्थापित इकाईयों के माध्यम से स्वचलित मशीनों के माध्यम से रेडी टू ईट का उत्पादन करने का निर्णय लिया था। इसके पीछे शासन ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाईन का हवाला दिया था जिसमें मानव स्पर्श रहित गुणवत्ता युक्त आवश्यक पोषक तत्वों से भरे रेडी टू ईट बच्चों की सेहत के लिए उपयुक्त बताया था। हालांकि सरकार के इस फैसले से करीब डेढ़ दशक से रेडी टू ईट का निर्माण कर रहीं स्व सहायता समूह के हाथों से रोजगार छीन गईं । पूरे प्रदेश में 20 हजार से अधिक महिलाएं सीधे तौर पर इससे प्रभावित हुईं ।लाखों रुपए कर्ज लेकर विषम परिस्थितियों में भी स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने योजना का सुचारू संचालन किया था ।



नई मशीन जिससे तैयार किया जा रहा रेडी टू ईट।

## कटघोरा में गूंजा संगठन का मंत्र महाप्रशिक्षण में शामिल हुए हितानंद



कार्यक्रम को संबोधित करते हितानंद अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कटघोरा मंडल द्वारा अग्रसेन भवन परिसर में प्रशिक्षण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

प्रदेश भाजपा के मार्गदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में जिले के सभी 24 मंडलों में प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में कटघोरा मंडल प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में भाजपा की कार्यपद्धति विषय को सूक्ष्मता से अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासन और गरिमामय वातावरण में हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से सहभागिता निभाई। यह प्रशिक्षण अभियान न केवल कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त कर रहा है, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कटघोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग सहित पूरे मंडल की कार्यसमिति, मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओ ने कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था की।

## छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन ने किया जंगी प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




रैली निकालकर प्रदर्शन करते छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक जगदीश खरे के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश व्यक्त किया। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भोजनावकाश के दौरान कर्मचारी-अधिकारी रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान अब नई सहिबो, अब नहीं सहिबो मोदी की गारंटी लेके रहिबो जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा, जिससे कर्मचारियों का आक्रोश स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि मोदी की गारंटी के अनुरूप जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। इसके साथ ही प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नति/समयमान वेतनमान (8, 16, 24 एवं 32 वर्ष) लागू करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने तथा विभिन्न संवर्गों में व्याप्त वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अतिरिक्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने, अनुकंपा नियुक्ति को निःशर्त लागू कर 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त करने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने, नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति प्रदान करने तथा सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से रखा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. तरुण सिंह राठौर, ओमप्रकाश बघेल, रामकपूर कुर्रे, तरुण वैष्णव, सर्वेश सोनी, मानसिंह राठिया, नित्यानंद यादव, मिथलेश वर्मा, संवित साहू, सनत राठौर, विपिन यादव,टी.आर. कुर्रे, आर.के. पाण्डेय, एस.के. द्विवेदी, अनूप कोराम, रामजी कंवर, के.एस. कंवर, लोक नारायण जायसवाल, जयप्रकाश झा, विनोद सांडे, कीर्ति लहरे सहित सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपूर्णता अभियान के इंडिकेटर को दो सप्ताह में करें हासिल : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में निगमायुक्त आशुतोष पाण्डेय ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने संपूर्णता अभियान अंतर्गत सम्बंधित विभागों को दिये गए इंडिकेटर में दो सप्ताह के भीतर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के बैठक में निगमायुक्त श्री पांडेय ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विभाग, कृषि,शिक्षा विभाग को संपूर्णता अभियान के अंतर्गत संकेतकों को दो सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उठाव में प्रगति लाने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। निगमायुक्त ने किसान पीएम सम्मान निधि, ऐग्रिस्टेक पोर्टल में किसानों की एंट्री, केसीसी की समीक्षा करते हुए कृषि अधिकारी को जनपद सीईओ,ग्राम पंचायत से समन्वय कर प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सीएमएचओ को आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड, व्यवन्दन कार्ड, एचआरपी का समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैठक में अपार आईडी, रेडी टू ईट, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्यघर योजना, धरती आबा,पीएम जनमन योजना और स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त श्री पांडेय ने प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ, मुख्यमंत्री जनदर्शन, मानवाधिकार आयोग, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों को निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में तहसीलदारो और नगरीय निकायों के सीएमओ के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिये गए।

## चार गांव के भूविस्थापितों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल कुसमुंडा से प्रभावित चार गांव पाली, पड़निया, जटराज और ओगरी आदि के ग्रामों ने पुर्नवास और रोजगार की मांग को लेकर बुधवार को रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मेनगेट के सामने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पेशा कानून का उल्लंघन रोकने व छोटे किसानों को संरक्षण देने की मांग की।

भूविस्थापित ग्रामीणों ने बताया कि 14 मार्च को पुलिस बल के साथ ग्राम पाली में एसईसीएल द्वारा ग्रामीण किसानों के संपूर्ण खेती भूमि को मशीनों के द्वारा एकतरफा कार्यवाही करते हुए खड़ी फसल को नष्ट किया गया और किसानों की हितों की अनदेखी की गई। इस असंवैधानिक कार्यवाही के विरोध में प्रशासन के समक्ष मांग रखने आये हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पाली पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है जिसमें पेशा अधिनियम के तहत कार्यवाही होनी चाहिए बिना ग्राम सभा के सहमति किसी भी तरह की बेदखली और अधिग्रहण पूरी तरह गलत है। इसी तरह वर्तमानमें पुर्नवास और रोजगार का अधिकार 2013 के प्रावधानों के अनुसार जिन किसानों की संपूर्ण संपत्ति अधिग्रहित की जा रही है उन्हें अस्थायी रोजगार व वर्तमान ब्याज दर पर मुआवजा प्राथमिकता के साथ दिया जाए केवल बड़े किसानों को लाभ देकर छोटे किसानों की अनदेखी करना पेशा का उल्लंघन है। किसानों ने मांग की है कि अधिग्रहण की कार्यवाही को तब तक स्थगित किया जाए जब तक ग्राम सभा की द्वय सहमति और प्रभावित किसानों के साथ लिखित समझौता नहीं हो जाता। वहीं प्रभावित गांव के युवाओं को रोजगार और बाजार दर के अनुसार मुआवजा का आश्वासन दिया जाए।

## छात्राओं को पुलिस ने दी गुड टच- बैड टच की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



थाना में जानकारी देते थाना प्रभारी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन थाना पसान द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को थाना भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को थाना की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए उन्हें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, रोजनामचा लेखन, ग्राम अपराध पुस्तिका, अपराध एवं जरायम संबंधी अभिलेखों के रख-रखाव की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग के तहत आधुनिक कार्य प्रणाली एवं पुलिस के दायित्वों से भी परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों, यातायात सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवेदनशील तरीके से समझाइश दी गई, जिससे वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। थाना परिसर एवं भौगोलिक स्थिति का भ्रमण कराते हुए बच्चों को पुलिस व्यवस्था की सामान्य जानकारी भी प्रदान की गई तथा उन्हें कानून का पालन करने एवं समाज में जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी चंद्रपाल खंडे के द्वारा सउनि राकेश सिंह, प्रधान आरक्षक सुभाष राठौर, कुरशा मिंज, आरक्षक, विष्णु पाटले, राहुल बघेल, चंद्रजीत पोर्ते, रतन राठौर ने उपस्थिति में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सिविल लाईन में पहुंचे पीडब्ल्यू के छात्र छात्राएं



इसी तरह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन थाना सिविल लाईन रामपुर के पीडब्ल्यूडी स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को थाना भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया था। इस दौरान छात्र-छात्राओं को थाना की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उन्हें सीसीटीएनएस में अपराध दर्ज की प्रक्रिया, रोजनामचा लेखन, ग्राम अपराध पुस्तिका, अपराध एवं जरायम संबंधी अभिलेखों के रख-रखाव की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा थाना प्रभारी नवीन पटेल व सउनि दुर्गेश राठौर के द्वारा बच्चों को थाना के मालखाना में रखे हथियारों के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा छात्र छात्राओं को सायबर अपराध के बारे में भी जानकारी दी गई।

## पुलिस चौकी चैतमा में छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



पुलिस चौकी चैतमा प्रभारी अफसर खान ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा के 9वी से 12 वी तक अध्ययन विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वंय सेवक को सुरक्षा, कानून और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी।एक सकारात्मक और जागरूकता से जुड़ी पहल सामने आई है, जहां स्कूली छात्र-छात्राओं को पुलिस व्यवस्था को करीब से समझने का अवसर मिला। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस चौकी चैतमा में विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने चौकी परिसर का दौरा किया। चौकी प्रभारी ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने सरल और समझने योग्य भाषा में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान छात्रों को पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों के बारे में बताया गया और एफआईआर दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही यह भी बताया गया कि शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस किस तरह कार्रवाई करती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### गर्मी में पहाड़ी....

जलस्तर भी सामान्य दिनों में भी नीचे है। इन पहाड़ी क्षेत्रों में भी जल जीवन मिशन जैसी योजना भी सफल नहीं हो सकी है। करोड़ों की लागत से बनी टंकियों में जल का भराव नहीं हो पा रहा है। इसका प्रमुख कारण पहाड़ी क्षेत्रों का जलस्तर नीचे होना बताया गया है। इन क्षेत्रों में बेला, खेतार, गहनिया, टापरा, माखुरपानी आदि शामिल हैं। इन क्षेत्रों में नलकूप खनन सफल नहीं हो पा रहे हैं। जब कभी गर्मी में जलस्तर मापने का अभियान चलता है तो पहाड़ी क्षेत्रों की स्थिति संवेदनशील मानी जाती है।

### एसईसीएल दीपका...

परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार की व्यवस्था और हादसे की निष्पक्ष जांच और कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाए। कलिंगा कंपनी ने मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए, एक व्यक्ति को रोजगार और इनके बच्चे का पढ़ाई लिखाई का परवरिश सहित पत्नी को तात्कालिक अनुदान राशि का फैसला लिया गया तब जाकर हड़ताल समाप्त किया गया। कलिंगा कंपनी के जीएम विकास दुबे ने यह भी सुझाव दिया कि यदि खदान के अंदर एसईसीएल कर्मचारी या निजी कंपनी के मजदूर व श्रमिक किसी के साथ ऐसा घटना हो जाता है तो उस कंपनी के पूरे स्टाफ से 1000-1000 रुपए कलेक्शन कर उनके परिवार को एक आर्थिक सहयोग का सहायता राशि दिया कंपनी ने ऐसा सुझाव भी रखा गया है।

### हिंदू नव वर्ष...

तिराहा, शनि मंदिर, सर्वमङ्गला राताखार तिराहा, अग्रसेन तिराहा, नया बस स्टैंड, गुरुघासीदास तिराहा, जैन चौक, सुभाष चौक और आरटीओ तिराहा को डायवर्सन पॉइंट बनाया गया है। श्रद्धालुओं और आम जनता की सुविधा के लिए सुभाष चौक मैदान, एमपी नगर मैदान, सीएसईबी ग्राउंड, पावर हाउस रोड मल्टीस्टोरी पार्किंग के सामने, सीतामढ़ी शनि मंदिर के पास, बुधवारी सर्कस मैदान और स्टेडियम चौक पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## कोरबा मार्केट








# हिन्दु नववर्ष, नवरात्रि एवं श्री राम नवमी की

## हार्दिक शुभकामनाएं

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था, भक्ति और शक्ति की उपासना का सबसे पवित्र समय माना जाता है. मान्यता है कि नवरात्रि के इन नौ दिनों में मां दुर्गा पृथ्वी पर अपने भक्तों के बीच आती हैं और उनकी सच्ची श्रद्धा से की गई प्रार्थनाओं को स्वीकार करती हैं.

नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा तिथि पर होने वाली घटस्थापना यानी कलश स्थापना से होती है. इसे नवरात्रि पूजा का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है. इस दिन विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है और अखंड ज्योति जलाकर नौ दिनों तक पूजा की जाती है. धार्मिक मान्यता है कि सही मुहूर्त में घटस्थापना करने से घर में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है.






















## क्राइम की खबरें

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेन्ट कैम्प आज

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा में 19 मार्च को प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियोजकों परिश्रम ह्यूमन रिसोर्स गुड़गांव, एन.आई.आई.टी. लिमिटेड भिलाई, आर.आर सिस्टम कोरबा, वेदांता स्कील स्कूल बालको कोरबा द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों में इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन-150, रिलेशनशीप मैनेजर-15,डाटा एण्ट्री ऑपरेटर 7, मोबाईल रिपेयरिंग-30, सिविंग मशीन ऑपरेटर-30, होटल मैनेजमेंट-30, फिटर- 30 योग्यता- 8वीं 10वी, 12वीं, आई.टी.आई. आयुसीमा- 18-35 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये - 10,000 से 30,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। उक्त रिक्त पद समस्त छत्तीसगढ़ के लिए है।

### एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस आज



**कोरबा।** मड़वारानी में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल में 19 मार्च को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें फिल्म जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीमती मंदाकिनी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में उन महिलाओ, गणमान्य नागरिको, समाजसेवियो का सम्मान किया जायेगा। विद्यालय के 10वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के लिए हमारे क्षेत्र छ.ग. राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी माननीया श्रीमती कौशिल्या देवी साय (राष्ट्रीय अध्यक्ष-आदिवासी कंवर समाज, समाजसेविका एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री) से सहमति लेने के लिए आज उनके निवास स्थान पर पहुंचे। जहां उन्होने श्रीमती कौशिल्या देवी साय से कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुये अपने क्षेत्र के महिलाओ एवं गणमान्य नागरिको के उल्लेखनीय कार्यो की जानकारी दी। जिस पर श्रीमती कौशिल्या देवी साय ने श्री अग्रवाल एवं उनकी टीम को इस प्रकार के सम्मान समारोह आयोजन के लिए बधाई देते हुये कहा कि ग्रामीण अंचल में रह रहे बच्चो को अंग्रेजी माध्यम में उन्नत शिक्षा प्रदान करना बहुत बड़ा संकल्प है।

### कांग्रेसियों ने विधानसभा का किया घेराव



**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस के द्वारा रायपुर के शंकर नगर में रैली और विधानसभा घेराव कार्यक्रम में कोरबा जिला से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर एवं मनोज चौहान के नेतृत्व में कोरबा के कांग्रेस पदाधिकारी रायपुर पहुंचे, जहां इन्होंने रैली एवं विधानसभा घेराव कार्यक्रम ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया साथ ही ये सभी कांग्रेसी नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निवास पहुंचकर सौजन्य मुलाकात भी किया । जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि मनरेगा में सुधार के नाम पर रोजगार गारंटी को खत्म करना, बिजली बिल के दरों में बढ़ोत्तरी, धान खरीदी में अनियमितता, घरेलु एवं व्यवसायिक गैस सिलेण्डर के दामों में भारी वृद्धि को लेकर सरकार के खिलाफ उक्त रैली एवं घेराव का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें कोरबा के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी भारी संख्या में पहुंचे थे ।

### जागृति महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया होली मिलन उत्सव




**कोरबा।** डीएसबी प्रोजेक्ट ढेलवाडीह में जागृति महिला मंडल द्वारा होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने रंगों के इस पावन पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाते हुए आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। उत्सव के दौरान महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजी-धजी होकर नृत्य और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों और खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व सौहार्द को मजबूत करने का संकल्प लिया। जागृति महिला मंडल की इस पहल की सभी ने सराहना की और ऐसे आयोजनों को समाज में एकता व सकारात्मकता बढ़ाने वाला बताया।

## चैत्र नवरात्र का पर्व में भक्ति से सराबोर रहेगा अंचल

# पालकी में आएंगी मां अंबे, आज से जलेंगे मनोकामना ज्योतिकलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्र पर्व की शुरुआत गुरुवार को हो रही है। इस बार मां पालकी में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने आ रही हैं। मंदिरों को आदिशक्ति की पूजा आराधना के लिए मनोकामना ज्योतिकलश के साथ आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शहर के मैदानी क्षेत्रों में स्थापित मां भवानी की पूजा के साथ पहाड़ों में विराजित आदिशक्ति की भक्ति के लिए भक्तों का पहाड़ों में चढ़ना शुरु हो जाएगा। 9 दिन तक चलने वाले माता की उपासना के पर्व पर समूचा अंचल भक्ति से सराबोर रहेगा।

**खास बात**

- शहर के मैदानी क्षेत्रों से लेकर गांव के पहाड़ों में विराजी आदिशक्ति के दर्शन के लिए पहुंचेंगे भक्त

मां सर्वमंगला के दरबार से लेकर पहाड़ों में स्थित मां मड़वारानी, मां कोसगई, मां चेपारानी एवं मां महिषासुर मर्दिनी चैतुरगढ़ में गुरुवार से 9 दिन तक चलने वाली आदिशक्ति के भक्ति के पर्व मनोकामना ज्योतिकलश दोपहर बाद प्रज्वलित किए जाएंगे। भक्तों के आने जाने के लिए मंदिर कमेटियों के द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आदिशक्ति की आराधना के इस पर्व की गूंज अंचल के अलावा सात समुंदर पार तक रहती है। इसका उदाहरण मंदिरों में जलने वाले मनोकामना ज्योतिकलश हैं जो विदेशों में बसे भारतीयों के द्वारा प्रतिवर्ष प्रज्वलित किए जाते हैं। अप्रवासी भारतीयों के ऐसे रिश्तेदार जो जिले में निवासरत हैं उनके द्वारा मनोकामना ज्योतिकलश प्रतिवर्ष प्रज्वलित कराया जाता है। इनमें सर्वमंगला मंदिर, चैतुरगढ़ मंदिर प्रमुख रुप से शामिल हैं। मड़वारानी एवं डंगनई देवी मंदिर ग्रामीण अंचल का प्रमुख देवी स्थल है। जहां शहरों से दर्शानार्थी पहुंचते हैं। वहीं चैतुरगढ़ में रायगढ़, बिलासपुर के साथ पेंड्रा जिले से भी दर्शनार्थी नवरात्रि में माता के दर्शन के लिए प्रतिवर्ष पहुंचते हैं। इन मंदिरों में 9 दिन तक अनुष्ठान और भंडारे के आयोजनों के साथ ही मेला भी लगे रहता है।



चैतुरगढ़ स्थित मंदिर।

**हिन्दू नववर्ष पर शहर में झांकियों के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन और हिन्दू नववर्ष के आगमन के अवसर पर दिन में जहां आदिशक्ति के दर्शन के लिए मंदिरों में भीड़ लगी रहेगी वहीं शाम को दिन ढलने के बाद शहर में झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी। जिसकी तैयारियां बीते एक पखवाड़े से संगठनों के द्वारा व्यापक तौर पर अपने अपने स्तर में की जा रही थी। अन्य प्रदेशों की धार्मिक झांकियों और वाद्य यंत्रों, कला संस्कृति का संगम हिन्दू नववर्ष के अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा पर नजर आएगा। जहां सौराष्ट्र से लेकर उत्तर और दक्षिण भारत की झांकियां भी विभिन्न रुपों में शहरवासियों को इन शोभायात्रा में देखने को मिलेगा।

**इन अप्रवासी भारतीयों ने जलाए ज्योतिकलश**

फिलिप्स ऐरिजोना अमेरिका से रितेश पाण्डेय, रिशिका पाण्डेय एवं शालिनी पाण्डेय तथा रिहाया यादव एसबर्म अमेरिका, सौरभ ठाकुर जॉर्ज स्ट्रीट ऑस्ट्रेलिया, अंजली न्यू साउथवेल सिडनी द्वारा मां सर्वमंगला मंदिर में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित कराए गए हैं। इनके अलावा नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नाम से भी मनोकामना ज्योति कलश की रसीद सर्वमंगला मंदिर में कटाई गई है।

**कहां जलेंगे कितने ज्योतिकलश**

| | |
|---|---|
| मड़वारानी मंदिर | 3300 |
| सर्वमंगला मंदिर | 6500 |
| भवानी मंदिर | 1300 |
| चैतुरगढ़ मंदिर | 3000 |
| चेपारानी मंदिर | 200 |
| डंगनाई देवी मंदिर | 350 |

**बालको में आज से आयोजित होगा 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ**

चैत्र (बासंती) नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गायत्री प्रज्ञा पीठ बालकोनगर द्वारा 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उक्त धार्मिक पुनीत आयोजन के लिए समूचे बालको नगरवासी उत्साहित हैं। चैत्र नवरात्रि में पूरे नगर में आस्था की बयार बहेगी। इसी कड़ी में प्रज्ञा पीठ बालकोनगर में 18 से 27 मार्च तक 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त पुनीत आयोजन तय कार्यक्रमानुसार 18 मार्च को शाम 7 बजे सामूहिक संकल्प के साथ 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ होगा। 19 से 26 मार्च तक नित्य प्रतिदिन प्रातः 6.30 बजे अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित कर आरती की जाएगी। प्रातः 7 बजे से शाम 7 बजे तक अखण्ड जाप होगा। प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे। शाम 7 बजे आरती एवं चालीसा होगी। 27 मार्च को प्रातः 8.30 बजे से 11.30 बजे तक यज्ञ ,संस्कार ,महापूर्णा हूति, दोपहर 1 बजे अमृतासन एवं शाम 7 बजे दीप महायज्ञ , आरती एवं चालीसा संपन्न होगी।

# राधासागर तालाब 21 हजार दीपों से जगमगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में नववर्ष समिति के द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राधा सागर तालाब के चारों ओर नगरवासियों के द्वारा 21 हजार दीपक को प्रज्वलित किए गए, जिससे राधासागर तालाब का पूरा क्षेत्र जगमगा उठा। दीप सज्जा की भव्यता ने उपस्थित नागरिकों का मन मोह लिया। दीप प्रज्वलन के पश्चात गंगा आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद समिति के द्वारा नगरवासियों के लिए जगराता का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पहुंचे नागरिकों ने इस आयोजन में भाग लिया व सभी नगरवासियों ने आरती में शामिल होकर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। नव वर्ष स्वागत समिति द्वारा कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों और नागरिकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बनाई गई रंगोली की भव्यता भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए लोग विशेष रूप से उत्साहित नजर आए। पूरे कार्यक्रम के दौरान नगर में उल्लास और उत्साह का वातावरण बना रहा तथा नागरिकों ने भारतीय नव संवत्सर का स्वागत पूरे हर्षोल्लास के साथ किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों के साथ सभी नगरवासी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।





दीप प्रज्जवल करते श्रद्धालु व आरती करते पंडित।

# घर के आंगन में सो रहे वृद्ध पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर के बाहर परछी में सो रहे एक 80 वर्षीय वृद्ध पर धारदार हथियार से हमला कर दिया है जिससे वृद्ध की आंख में गंभीर चोट लगा है। वृद्ध को गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने अज्ञात हमलावारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है। हमला किसने और क्यों की है यह स्पष्ट नहीं हो पायी है।

**खास बात**

- कोरबी चौकी क्षेत्र के ग्राम बर्रा का मामला, चोरी की नियत से घुसे थे हमलावर

जानकारी के अनुसार कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बर्रा निवासी हीरासिंह 80 वर्ष पिता सुंदर सिंह मंगलवार की रात खाना खाकर अपने घर के बाहर परछी में सोया हुआ था। देर रात लगभग 11 बजे वह गहरी नींद पर था इसी दौरान उसके घर कुछ अज्ञात लोग घुसकर सो रहे हीरा सिंह पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हीरा सिंह ने घर के दूसरे कमरे में सो रहे अपने पुत्रों को जोर-जोर से आवाज लगाई तो हमलावर मौके से फरार हो गये। जिसके बाद घर में आनन फानन की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके बाद हीरा सिंह को गंभीरावस्था में उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां हीरा सिंह की बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया है। हमलावरों ने हीरा सिंह के आंख पर धारदार हथियार से हमला किया है जिससे उसकी आंख पर गंभीर चोट आयी है। मामले को लेकर कोरबी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार जोगी ने बताया कि हीरा सिंह पर हमला करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331 (7), 109 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। हमला किस लिए और क्यों किया गया है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया। पुलिस संभावना जताई जा रही है कि चोरी की नियत से संभवतः चोर घुसे होंगे। जब हीरा सिंह नींद से उठा होगा तो चोर अपनी जान बचाने के लिए हीरा सिंह पर हमला किया हो गया। फिलहाल पुलिस मामले के जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।



घायल वृद्ध।

# डीएमएफ पर अधिकार को लेकर मचा बवाल, जनपद सदस्यों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते जनपद सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएमएफ फंड पर अधिकर को लेकर जनपद पंचायत कोरबा से शुरु हुआ बवाल जनपद करतला तक पहुंच गया है। सोमवार को कोरबा जनपद के सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार किया था इसी कड़ी में बुधवार को करतला जनपद के सदस्यों ने बहिष्कार का रास्ता अख्तियार करते हुए कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

जिला पंचायत सदस्यों को उनके क्षेत्र में डीएमएफ की राशि से विकास कार्य कराए जाने का अधिकार दिया गया है उसी तरह का अधिकार अब जनपद सदस्य भी मांग रहे हैं। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत विकास कार्यों के लिए जारी होने वाली राशि पर सभी जनप्रतिनिधियों को बराबर अधिकार दिए गए हैं। ऐसे में डीएमएफ की राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों के लिए जारी होने वाली राशि में जनपद सदस्यों की भागीदारी होनी चाहिए। जनपद सदस्यों के द्वारा भी अपने अपने क्षेत्र में डीएमएफ की राशि से कार्य कराना चाहते हैं इन्हीं मामलो को लेकर सोमवार को जनपद कोरबा सदस्यों ने सामान्य सभा का बहिष्कार किया था। बुधवार को जनपद करतला के अध्यक्ष व सदस्यों ने भी बैठक का बहिष्कार कर जनपद कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

**ग्राममूलभूत की राशि पड़ी है लंबित**

पंचायतों में छोटे छोटे विकास कार्यों के लिए शासन की ओर से मूलभूत के रुप में जारी होने वाली राशि ग्राम पंचायतों को जारी नहीं की गई थी जिसके लिए ग्राम सरपंचों को ब्लॉक मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय यहां तक कि कुछ ग्राम सरपंचों ने क्षेत्रीय विधायकों के माध्यम से मूलभूत राशि जारी करने के लिए अपनी मांग शासन स्तर तक पहुंचाई थी। तब कहीं जाकर पिछले दिसंबर महीने में कुछ पंचायतों की राशि जारी की गई।

# एचपीवी वैक्सीनेशन एवं शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में गत दिवस एचपीवी वैक्सीनेशन एवं शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के द्वारा किया गया। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन बालिकाओं को सर्वाईकल कैंसर जैसी गंभीर बिमारी से बचाने में महत्वपूण भूमिका निभाता है तथा शिशु संरक्षण माह के महत्व पर प्रकाश डॉलते हुए कहा इस दौरान बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण , विटामिन ए खुराक एवं आयरन फोलिक एसिड एवं पोषण संबंधी सेवाये सुनिश्चित किये जाने से बच्चों का सर्वागीण विकास संभव हो पाता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने एचपीवी वैक्सीनेशन तथा शिशु संरक्षण माह के बारे में विस्तार से बताया गया।शिशु संरक्षण माह के संबंध में उन्होने बताया कि शिशु संरक्षण माह (विटामिन "ए" अनुपूरण कार्यक्रम )17 मार्च से 21 अप्रेल तक आयोजित किया जायेगा। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़किरण किया जाएगा। प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगंबाड़ी केन्द्रो/टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन "ए" तथा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आई.एफ.ए.सीरप पिलाया जायेगा। साथ ही टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को टीके, एनिमिया स्क्रीनिंग तथा स्तनपान संवर्धन संबंधित गतिविधियॉ किये जायेगें।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## कलेक्टर ने कृषि एवं संबद्ध विभागो की ली बैठक

# डीएमएफ परियोजनाओं में परिणाम आधारित कार्य करें: दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


जिले में कृषि विकास को गति देने व कृषक हितों को सशक्त बनाने हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति, आगामी वर्ष की रणनीति और डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ काम करने हेतु निर्देशित किया, जिससे योजनाओं का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित हो और निर्धारित लक्ष्यों में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की जा सके और किसानों को वास्तविक लाभ प्राप्त हो।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कृषि अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से किसानों के उत्पादन में सुधार सुनिश्चित करने एवं उनकी आय में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जिले में द्विफसली क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। किसानों को खरीफ मौसम में फसल विविधीकरण और रबी के फसलों का क्षेत्र विस्तार सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जिले में मक्का, रागी, कोदो जैसे मिलेट एवं दलहन- तिलहन फसलों के उत्पादन को भी बढ़ावा देने की बात कही। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत शत-प्रतिशत किसानों को लाभान्वित करने एवं ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग एवं एग्रीस्टेक पंजीकरण के निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति हेतु जमीनी स्तर पर एसएडीओ और आरईओ की जवाबदेही तय करने एवं आने वाले दिनों में कैम्प लगाकर लक्ष्य हासिल करने निर्देश दिए। उन्होंने नए एफपीओ गठन में वृद्धि लाने की बात कही। उन्होंने खरीफ सीजन के लिए अग्रिम खाद एवं बीज के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी शासकीय रोपणियों की स्थिति और रोपित पौधों की अद्यतन जानकारी ली तथा उनसे होने वाली आय में वृद्धि के उपायों पर जोर दिया।



बैठक लेते कलेक्टर।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411